www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

2 चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के लिए सुनहरा अवसर

बिजली-चोरी के नाम पर सीढ़ी लगाकर दीवार पर चढ़े कर्मचारी 04

वर्ष :09 | अंक :53 | मुंबई ,बुधवार , 13 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने मंगलवार को राजस्थान से पाँच लोगों को गिरफ्तार करके आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। यह नेटवर्क पाकिस्तान स्थित बीकेआई के कार्यकर्ता हरविंदर रिंदा के निदेशों पर काम कर रहा था। टोंक और जयपुर ज़िलों में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हुई गोलीबारी में पाँच आरोपियों में से एक घायल हो गया। आतंकवादी स्वतंत्रता दिवस के दौरान शहीद भगत सिंह नगर और पंजाब के अन्य स्थानों पर हमले की योजना बना रहे थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस ऑपरेशन की जानकारी दी। पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, काउंटर इंटेलिजेंस, जालंधर ने @रइरठँ१ पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान स्थित बीकेआई के एक आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क विदेशी हैंडलर मन्नू अगवान, गोपी नवाशहरिया और जीशान अख्तर द्वारा संचालित किया जा रहा था,

## एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़, 3 पूर्व छात्र गिरफ्तार

ओडिशा से लेकर कोलकाता तक विश्वविद्यालयों में महिला सुरक्षा आज के समय में एक बड़ा मुद्दा बन गया है। जहां हाल ही में ओडिशा में एक छात्रा ने जिस तरह से आत्मदाह किया एक सरकार और यूनिवर्सिटी पर बड़े सवाल खड़े करता है। अब छात्रा से छेड़छाड़ का ताजा मामला वाराणसी से आया है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के तीन पूर्व विद्यार्थियों को मंगलवार तड़के इस शिक्षण संस्थान के परिसर में एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। काशी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसवाल ने बताया कि कथित घटना मंगलवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे की है जब छात्रा अपनी सहेलियों के साथ पुस्तकालय से अपने छात्रावास लौट रही थी। बंसवाल के अनुसार मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने कथित तौर पर छात्रा से छेड़छाड़ करने और उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की। छात्रा की एक साथी द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बंसवाल ने कहा, तीनों आरोपी बीएचयू के पूर्व छात्र हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आधार नागरिकता का सबूत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला- गलतियां स्वाभाविक; बिहार एसआईआर पर हुई सुनवाई

> सर्वोच्च न्यायालय ने जोर देकर कहा कि आधार विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज है, लेकिन यह अपने आप में धारक की राष्ट्रीयता स्थापित नहीं करता। शीर्ष न्यायालय का यह फैसला बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद के बीच आया है।

**योगेंद्र यादव के तथ्य**

[1] बिहार में एस ए आर के दौरान 8 करोड़ वोटर के पास जाने का अभ्यास किया गया और एक नया नाम जोड़ने के लिए नहीं मिला क्या चुनाव आयोग को एक भी ऐसा नाम नहीं मिला जिसे ड्रॉफ्ट में जोड़ा जा सके यह जीरो एडिशन हुआ है। यह इंटीसिव डिलिशन है। रिवीजन नहीं है यह पूरी तरह अवैध है।

[2] उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को भी उनकी बात याद दिलाए उन्होंने कहा कि अदालत ने कहा है कि मांस डिलिशन नहीं होने देंगे।



[3] फॉर्म में एक नई कटेगरी डाली गई है नॉन रिकमेंडेड। इसे इछड भरता है। किस आधार पर किसी का नाम प्रस्तावित नहीं होता कोई नहीं जानता। कितने लोगों के नाम इस आधार पर काटे गए हैं किसी को पता नहीं।

(4) संपूर्णता सटीकता और समावेशी के पैमाने पर एस आई आर फेल रहा है

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस रुख को बरकरार रखा है कि आधार कार्ड को भारतीय नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता और इसका उचित सत्यापन आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने जोर देकर कहा कि आधार विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज है, लेकिन यह अपने आप में धारक की राष्ट्रीयता स्थापित नहीं करता। शीर्ष न्यायालय का यह फैसला बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद के बीच आया है। मामले की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि



### आधार नागरिकता का पक्का सबूत नहीं-सुप्रीम कोर्ट

**इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय चुनाव आयोग के इस विचार का समर्थन किया कि आधार को नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए, और कहा कि इसका स्वतंत्र रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।**

चुनाव आयोग का यह कहना सही है कि आधार को निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसे वैध साक्ष्य मानने से पहले उचित सत्यापन आवश्यक है। न्यायमूर्ति कांत ने याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि चुनाव आयोग का यह कहना सही है ।कि आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसे सत्यापित किया जाना चाहिए।

# वोटर वेरिफिकेशन: पिक्चर अभी बाकी है

### राहुल ने कहा- पिक्चर अभी बाकी है: एक नहीं, कई सीटों की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, ये नेशनल लेवल पर किया जा रहा है

> गांधी ने चुनाव आयोग पर अपने कर्तव्य की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति, एक वोट संविधान की नींव है।

एजेंसी



**राहुल बोले- बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं, उन्हें हटाना क्रूरता**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई 'समस्या' नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए। राहुल ने पर लिखा, 'शेल्टर्स, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल अपनाया जाना चाहिए। इससे बिना क्रूरता के भी डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सकता है। पूरी तरह पाबंदी क्रूर-अदूरदर्शी है और हमारी दया-भावना को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों कैसे साथ-साथ चलें।'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत को लागू करने का अपना कर्तव्य नहीं निभाने का आरोप लगाया और मतदाता सूची में अनियमितताओं के दावों का हवाला देते हुए कहा कि अभी पिक्चर बाकी है। गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा में लगी हुई है और आगे भी ऐसा करती रहेगी। राहुल गांधी ने भारत के चुनाव आयोग की तीखी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को लागू करने में विफल रहा है, जिसे उन्होंने संविधान की नींव बताया। गांधी ने चुनाव आयोग पर अपने कर्तव्य की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति, एक वोट संविधान की नींव है। एक व्यक्ति, एक वोट को लागू करना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उन्होंने अपना कर्तव्य नहीं निभाया है। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं, और हम इसे करते रहेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सिर्फ.एक सीट नहीं है (जहाँ 'वोट चोरी' हो रही है), बल्कि कई सीटें हैं। यह राष्ट्रीय स्तर पर और व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। चुनाव आयोग इसे जानता है और हम भी इसे जानते हैं।

# 4 नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

### सरकार 4,594 करोड़ रुपए निवेश करेगी



एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस तेजी से सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में कदम बढ़ाए हैं, वह न केवल देश की औद्योगिक क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है, बल्कि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को भी मजबूती देगा। आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत चार नई परियोजनाएँ इस दिशा में एक निर्णायक कदम हैं। हम आपको बता दें कि ओडिशा के भुवनेश्वर में सिलिकॉन कार्बाइड आधारित सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना रक्षा, अंतरिक्ष, सैटेलाइट और रेल इंजन जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में स्वदेशीकरण को प्रोत्साहन देगी। वहीं, 3ऊ ग्लास इकाई का निर्माण एयरोस्पेस, रडार और वायरलेस तकनीक के लिए आवश्यक उच्च गुणवत्ता वाले घटकों की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा, पंजाब के मोहाली और आंध्र प्रदेश में स्थापित होने वाले उन्नत सेमीकंडक्टर प्लांट भारत को उच्च क्षमता वाली चिप उत्पादन क्षमता प्रदान करेंगे, जिससे आयात पर निर्भरता घटेगी और निर्यात के अवसर बढ़ेंगे।

> यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार का लक्ष्य केवल विनिर्माण इकाइयाँ खड़ी करना नहीं है, बल्कि एक संपूर्ण सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम खड़ा करना है—जिसमें डिजाइन, उत्पादन, परीक्षण और पैकेजिंग से लेकर उच्च स्तरीय अनुसंधान तक सभी चरण शामिल हों।

### कैबिनेट ने 2 बड़े प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी

- सरकार ने नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन को और ताकत देने के लिए 20,000 करोड़ रुपए का स्पेशल फंड दिया है। इस फंड का इस्तेमाल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स जैसे सोलर, विंड, ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश के लिए किया जाएगा।
- नेशनल क्लीन इन्वेस्टमेंट लिमिटेड को क्लीन टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव स्टोरेज के लिए 7,000 करोड़ रुपए की नई पूंजी मिलेगी। इससे नई तकनीक, इनोवेटिव एनर्जी स्टोरेज, बैटरी, स्मार्ट ग्रिड में इन्वेस्टमेंट किया जाएगा।

## लोकसभा ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पैनल की रिपोर्ट की समय सीमा बढ़ाई

एजेंसी

लोकसभा ने मंगलवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक' पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट की समय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस विस्तार से समिति 2025 के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगी। यह प्रस्ताव एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने पेश किया। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि संयुक्त संसदीय समिति को संविधान विधेयक, 2024 पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने और प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए।यह विधेयक पहली बार दिसंबर 2024 में लोकसभा में पेश किया गया था और बाद में विस्तृत जाँच के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया था। प्रस्ताव में कहा गया था: ₹यह सदन संविधान (एक सौ उनतीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाकर शीतकालीन सत्र, 2025 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक करे।₹इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जाँच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

## पाक सेना प्रमुख की धमकी पर भड़के औवैसी

एजेंसी

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की 'परमाणु' धमकियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को कहा कि भारत के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी धरती से यह टिप्पणी करना स्थिति को और खराब करता है। असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से राजनीतिक प्रतिक्रिया के साथ जवाब देने का आग्रह किया। ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख की भारत के खिलाफ धमकियाँ और भाषा निंदनीय है। उन्होंने अमेरिकी धरती से ऐसा किया




हंगामा

### जेपी नड्डा बोले- स्वस्थ लोकतंत्र में विश्वास नहीं करता विपक्ष

# एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर राज्यसभा में हंगामा

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का विरोध किया, जब उन्होंने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाने की कोशिश की। पहले के स्थगन के बाद दोपहर 3 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही, अध्यक्ष पद पर आसीन बीजद सदस्य सस्मित पात्रा ने कहा कि सूचीबद्ध कार्य पर विचार किया जाएगा और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 को सदन में पारित करने के लिए पेश किया। विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष से सदन में विपक्ष के नेता खड़गे को बोलने की अनुमति देने का आग्रह किया। खड़गे ने एसआईआर पर बोलने की मांग की और दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और हाशिए पर पड़े वर्गों के वोटों पर इसके प्रभाव के बारे में आरोप लगाए। उन्होंने मोदी सरकार पर भी आरोप लगाए। विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर सदन से बहिर्गमन किया। सदन के नेता जेपी नड्डा ने खड़गे की टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि विपक्ष स्वस्थ लोकतंत्र में विश्वास नहीं करता। नड्डा ने जोर देकर कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन नियमों के अनुसार। उन्होंने आगे कहा कि सरकार बाधा और अराजकता की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि विपक्ष का व्यवहार सदन के सुचारू संचालन में बाधा डालने की एक साजिश है। वे स्वस्थ लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखते। 21 जुलाई को सरकार ने कहा था कि वह किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन नियमों के अनुसार। नड्डा ने सभापति से आग्रह किया कि विपक्ष के नेता द्वारा दिए गए राजनीतिक बयान को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया, लेकिन उन्होंने उस पर चर्चा नहीं की, बल्कि उन्होंने 'श्रीमान' पर चर्चा की और एक राजनीतिक बयान दिया। मैं आग्रह करता हूँ कि इसे सदन की कार्यवाही से निकाल दिया जाए। क्योंकि यह संसद के नियमों और विनियमों के अनुरूप नहीं है। वे (विपक्ष) हमेशा नियम 267 के तहत 'श्रीमान' पर चर्चा की मांग करते हैं,

# सम्पादकीय

## एकता की मिसाल हैं भारतीय भाषाएं, यही राष्ट्र को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनाती है

भारतीय भाषाओं में मूलभूत एकता भी रही है। तमिल और उर्दू को छोड़कर भारत की लगभग सभी भारतीय भाषाओं का जन्मकाल लगभग समान ही है। विकास के चरण भी प्राय समान ही हैं। साहित्यिक पृष्ठभूमि प्रायः समान है। संत काव्य की समान प्रवृत्ति है। प्रेमाख्यान काव्य की एक जैसी परंपरा है। स्त्री एवं दलित संवेदना एक जैसी है।भाषा केवल संवाद का ही माध्यम नहीं है, वरन संस्कृति की वाहक भी है। भारत एक बहुभाषी देश है। पूर्व से पश्चिम तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक संपूर्ण राष्ट्र में सहस्त्रों भाषाएं बोली जाती हैं। भोजपुरी में एक कहावत है- 'कोस कोस पर पानी बदले, तीन कोस पर बानी' अर्थात दो-दो मील पर पानी में बदलाव आ जाता है और छह-छह मील पर भाषा-बोली बदल जाती है, परंतु पानी के स्वाद-गुण और भाषा के भाव में कोई परिवर्तन नहीं होता है। भारतवर्ष की सभी भाषाएं एक ही परिवार की शाखाएं हैं और इसीलिए उनके भीतर एक सांस्कृतिक भाव की स्रोतस्विनी प्रवाहित है, जो इस राष्ट्र को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' बनाती है। गुलामी काल में अंग्रेजों की विभाजनकारी नीति को बल देने के लिए पाश्चात्य भाषा विज्ञानियों ने भाषा परिवार की एक मिथ्या कल्पना पर आधारित अवधारणा प्रस्तुत की। उन्होंने 'आर्य समस्या' जैसी एक कृत्रिम समस्या को जन्म दिया। इसके मूल में उनकी यह दुरभिसंधि थी कि प्राचीन संस्कृत की प्राचीनता को प्रश्नांकित करते हुए भारत की भाषाओं को अनेक भाषा-परिवारों से उत्पन्न बताया जाए और इसमें वे सफल भी रहे। यहां तक कि आर्य शब्द को जर्मन फासीवाद से भी जोड़कर देखा गया। भारत में आर्यों के आगमन की कृत्रिम अवधारणा अनुमान, अटकल या प्रतीति के आधार पर रची गई। ऐसा करने वालों के पास इस प्रश्न का कोई सटीक उत्तर नहीं रहा है कि भारत आने के पूर्व इन कथित आर्यों का मूल निवास कहां रहा और वहां से दो दिशाओं में बिखराव का कारण क्या रहा? वैदिक साहित्य में उस मूल स्थान की चर्चा क्यों नहीं है?वस्तुतः अंग्रेजों को यह स्थापित करना था कि भारत में सभी जन, द्रविड़, आर्य आदि सभी बाहर से आए हैं, अतः हमारे आने में कोई विशेष समस्या नहीं है। यह भूमि ही आप्रवासियों से बनी है। अंग्रेजों और उनके भारतीय मानसपुत्रों ने भी इस कृत्रिम अवधारणा के आधार पर एक अज्ञात 'प्रोटो इंडो यूरोपियन' नाम की भाषा की कल्पना की और संस्कृत को 'इंडो आर्यन' नाम दे दिया।उन्होंने संस्कृत से लेकर फारसी, ग्रीक, लैटिन, जर्मन आदि भाषाओं को कतिपय शब्द साम्य के आधार पर 'इंडो यूरोपियन' भाषा माना तथा शेष भारतीय भाषाओं को अन्य कल्पित भाषा परिवार से उत्पन्न बताने के लिए 'आर्य-द्रविड़ जैसे षड्यंत्रकारी प्रत्यय को विकसित किया।

## आज का विचार







**मेष राशि:** कार्यक्षेत्र में आपको कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में मन थोड़ा परेशान रह सकता है और आपके साथियों का भी तनाव बढ़ेगा। लेकिन आप अपनी मधुर वाणी और व्यवहार से स्थिति को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। आपका दिन दूसरों की मदद करने में भी व्यतीत हो सकता है।

**वृषभ राशि:** आपका दिन शुभ रहने वाला है। कारोबार को लेकर आपको कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहेगा और कार्यस्थल पर मेहनत से लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन राशि:** कार्यक्षेत्र में आपको उच्च अधिकारियों के सहयोग और समर्थन से कोई बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति प्राप्त हो सकती है। अधूरी इच्छा पूरी होने के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा और परिवार में पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। नौकरी करने वाले कामकाज में ज्यादा बिजी रह सकते हैं।

**कर्क राशि:** आपका दिन बेहद उत्तम रहने वाला है और भाग्य का भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल प्राप्त होगा और अचानक बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति हो सकती है। इसी के चलते आपकी आर्थिक स्थिति भी पहले से बेहतर होती जाएगी।

**सिंह राशि:** राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने की संभावना है और जीवन में तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने विरोधियों से भी आगे निकल सकते हैं और जो काम लंबे समय से रुके हुए थे वे अब पूरे हो सकते हैं।

**कन्या राशि:** आपका दिन अच्छा रहने वाला है और कार्यस्थल पर विरोधियों की रणनीतियां भी फेल हो जाएंगी। अगर लंबे समय से आपका कोई जरूरी काम बीच में अटका हुआ था, तो वो भी अब पूरा हो सकता है। व्यापार में लाभ कमाने के नए अवसर मिल सकते हैं।

**तुला राशि:** नौकरी करने वालों के लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। इससे आमदनी में भी वृद्धि होगी। वहीं, कार्यस्थल पर आपके बातचीत करने का तरीका प्रभावशाली रहेगी, जिससे विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक राशि:** आर्थिक मामलों में दिन शुभ रहेगा और आपको धन लाभ के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और समाज में भी मान-सम्मान बढ़ेगा। अगर आपका जरूरी काम लंबे समय से बीच में रुका हुआ था तो वह अब पूरी हो सकता है।

**धनु राशि:** कार्यस्थल पर किसी जुनियर के चलते तनाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में आपको सोच-समझकर फैसले लेने होंगे। आर्थिक मामलों में भी सावधान रहने की जरूरत है और कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना ज्यादा बेहतर रहेगा

**मकर राशि:** व्यापार के मामले में दिन अनुकूल रहने वाला है और आपको लाभ कमाने के अवसर मिल सकते हैं। इससे मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी पहले से मजबूत होगी। अगर आप व्यवसाय में परिवर्तन करने के बारे में विचार कर रहे हैं, तो पहले अच्छी तरह सोच-विचार जरूर कर लें।

**कुंभ राशि:** आर्थिक मामलों में आपको बजट बनाकर धन खर्च करना होगा, अन्यथा पैसों की तंगी का सामना भी करना पड़ सकता है। किसी संपत्ति के क्रय-विक्रय के वक्त आपको सोच-समझकर फैसले लेने होंगे और दस्तावेजों को पूरी तरह पढ़कर ही हस्ताक्षर करें।

**मीन राशि:** कामकाज के सिलसिले में आपको किसी दूर या पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यह फलदायक भी साबित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और मानसिक तनाव भी कम होगा। विद्यार्थियों के लिए भी दिन शुभ रहेगा। आपको अपने पसंदीदा विषय में सफलता मिल सकती है और शाम के समय मित्रों के साथ कहीं घूमने भी जा सकते हैं।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के लिए सुनहरा अवसर

> भारत ने 2030 का हरित ऊर्जा लक्ष्य पांच साल पहले ही हासिल कर लिया है और एआइ क्वांटम कंप्यूटिंग और डीप टेक में भारी निवेश कर रहा है। चुनौतियां बनी हुई हैं लेकिन दिशा स्पष्ट है। हम एक आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं जिसे महत्वाकांक्षा दृढ़ता और सुधार शक्ति दे रहे हैं।

पा विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और भारत की परीक्षा हो रही है, लेकिन हर चुनौती एक अवसर भी लेकर आता है। टैरिफ और प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियां हमारे संकल्प को कमजोर नहीं करनी चाहिए। उन्हें हमें प्रेरित करना चाहिए। भारत को साहसिक कदम उठाकर अवसर को भुनाना होगा। यह हमारे लिए पीढ़ी में एक बार मिलने वाला नेतृत्व करने का अवसर है। इसे हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। 27 अगस्त से भारत पर अमेरिका का 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा, जो राष्ट्रपति ट्रंप के 'पारस्परिक' शुल्क में सबसे अधिक है। अमेरिका का आरोप है कि भारत, रूस से तेल खरीदकर रूस की वित्तीय मदद कर रहा है, लेकिन तुर्किए पर यह शुल्क 15 प्रतिशत ही है। यूरोपीय संघ के बराबर है। तुर्किये रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक है। उसने जनवरी 2022 से रूसी गैस के लिए 297 अरब यूरो का भुगतान किया है। व्हाइट हाउस को यह भी पता नहीं कि अमेरिका रूस से उर्वरक का आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-अमेरिका आर्थिक, व्यापारिक और राजनीतिक संबंधों में भारी निवेश किया है, लेकिन अमेरिका का टकराव वाला रुख भविष्य के सहयोग को प्रभावित करेगा। हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं कर सकते। यह भी स्पष्ट है कि भारत झुकने से इन्कार कर रहा है। ऐसा ही हमने अतीत में कई बार किया है। वैश्विक दबाव हमें डराने के बजाय इसके लिए प्रेरित करने वाला होना चाहिए कि हम वे ऐतिहासिक सुधार करें, जिनकी हमें सख्त जरूरत है। वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी भारत का सबसे महत्वपूर्ण कर सुधार है।



सात साल बाद कर संग्रह बढ़ रहा है। जीएसटी ने अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में सहायता की है। समय आ गया है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ जीएसटी सुधार आगे बढ़ाए जाएं। हमें दो-दर वाले जीएसटी ढांचे की ओर बढ़ना चाहिए और उसकी प्रक्रियाओं में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहिए। नई पंजीकृत कंपनियों और स्टार्टअप्स को जीएसटी नंबर, उनके पैन-टैन के साथ मिलने चाहिए। जीएसटी पंजीकरण के लिए किसी आफिस जाने की जरूरत को तकनीक के माध्यम से कम किया जाना चाहिए। आयकर सुधार भी लागू करने ही होंगे। दस साल पहले, कारोबार सुगमता में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए। इसके अच्छे परिणाम मिले। अब एक कदम और आगे बढ़कर भारत को कारोबार करने के लिए सबसे आसान ठिकाना बनाया जाए। श्रम संहिता के नियमों को अधिसूचित करने जैसे लंबित कार्य तुरंत पूरे किए जाएं। राज्यों को क्रमिक सुधारों से आगे बढ़कर सिंगल-विंडो क्लीयरेंस को वास्तव में अपनाना होगा। कई जटिल प्रक्रियाएं अब तक नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम(एनएसडब्लूएस) में शामिल नहीं की गई हैं। निजी उद्यमों के लिए पूंजी की लागत कम करनी होगी। सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) के तहत वाणिज्यिक बैंकों को अपनी संपत्तियों का 18 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में रखना अनिवार्य है। इससे अर्थव्यवस्था में कर्ज लायक निधि का पूल घटता है और निजी उद्यमों के लिए पूंजी की लागत बढ़ जाती है। एसएलआर को शून्य पर लाना चाहिए। इससे लाखों करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज देने का रास्ता खुलेगा और पूंजी की लागत घटेगी। हमें यह मानना होगा कि एक उदार व्यापार व्यवस्था हमारे मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए जरूरी है। हाल के वर्षों में गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीक्यू) की संख्या बढ़ी है। ये जरूरी आयात की लागत बढ़ाते हैं और देश में निर्मित उत्पादों को वैश्विक बाजार में गैर-प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। इन क्यूसीक्यू को खत्म किया जाना चाहिए। हमारे यहां कुछ वस्तुओं पर टैरिफ बहुत अधिक है। इन्हें घटाना होगा। हमें व्यापार समझौतों पर वार्ता को तेज करके अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण करना होगा। पर्यटन पर कोई टैरिफ नहीं है। भारत अपनी प्राकृतिक सुंदरता, विरासत, संस्कृति और विविधता के साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आगमन में 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। यदि हम अनिवासी भारतीयों के आगमन को हटा दें, तो यह संख्या और भी कम हो जाती है। पिछले दशक में भारतीय पर्यटन के लिए कोई प्रभावी ब्रांडिंग अभियान नहीं चला। जब अनेक देश पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रयास तेज कर रहे हैं, तब हम पीछे हैं। हमें भारत की संभावनाओं को उजागर करने के लिए अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक ब्रांडिंग और मार्केटिंग अभियान चलाना चाहिए, अन्यथा जिन 1800 विमानों को भारतीय एयरलाइंस खरीद रही हैं, वे सिर्फ विदेश में छुट्टियां मनाने जा रहे भारतीयों को ले जाने का काम करेंगे। हमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करना होगा। आगंतुकों के लिए हमारे शहर पहला प्रभाव छोड़ते हैं। लंबे समय से शहरों का शासन ठप पड़ा है। वह वित्त, योजना और मानव संसाधन के लिए राज्य सरकारों पर निर्भर है। शहरों को शक्तियां सौंपने वाले संवैधानिक संशोधन व्यवहार में लागू नहीं हुए हैं। हमें अपने शहरों को वास्तव में स्वायत्त और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना होगा। 2021-22 के बजट में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की नई नीति (पीएसई) की घोषणा की गई। इसे मिशन मोड में लेना होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में विनिवेश से केवल 10,000 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए। हमें अल्पांश हिस्सेदारी बिक्री से आगे बढ़कर रणनीतिक विनिवेश करना होगा। हाल के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये की एसेट मोनेटाइजेशन योजना की जो घोषणा की गई उसे भी जल्द लागू करना होगा। भारत किसी भी तरह से मृत अर्थव्यवस्था नहीं है। हम वास्तव में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जो एक दशक के संरचनात्मक सुधारों, डिजिटल नवाचार और बुनियादी ढांचे में निवेश से संचालित है। 25 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं और अत्यधिक गरीबी दर 3 प्रतिशत से नीचे आ गई है, जो जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार दर्शाता है। महिलाएं इस परिवर्तन में तेजी से भाग ले रही हैं। स्टैंड-अप इंडिया कर्ज का 80 प्रतिशत और मुद्रा ऋणों का 68प्रतिशत महिलाओं को मिला है। भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआइ) ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है और बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय दोगुने से अधिक हो गया है, जो दीर्घकालिक उत्पादकता की नींव रखता है। भारत ने 2030 का हरित ऊर्जा लक्ष्य पांच साल पहले ही हासिल कर लिया है और एआइ, क्वांटम कंप्यूटिंग और डीप टेक में भारी निवेश कर रहा है। चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन दिशा स्पष्ट है। हम एक आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं, जिसे महत्वाकांक्षा, दृढ़ता और सुधार शक्ति दे रहे हैं।

# सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ती यौन अपराध की मानसिकता

**संजीव ठाकुर**

एतिहासिक काल से ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने अपनी सभ्यता में आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं। भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया है। (यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है।इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है।) आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।



मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद, वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बढ़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।

# भोगने ही होंगे संस्कृतिविहीन स्वतंत्रता के परिणाम

**(अभिमन्यु जैन)**

स्वतंत्रता के पश्चात संस्कृतिविहीन आचार-विचार, रहन-सहन, शिक्षा-दीक्षा, खान-पान सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है। पूज्य माता-पिता अब मॉम-डेड हो गए हैं। टी.वी., मोबाइल, वेबसीरिज से उत्पन्न आधुनिक फैशन और 24 घंटे के देह दिखाऊ प्रसारण के अनावश्यक कॉम्पटीशन ने नाश कर दिया भारतीय संस्कृति और सोच का। बच्चे अब विद्यालय नहीं विलासालय की ओर दौड़ रहे हैं। किसी के भी घर चले जाएं, पूछे। क्यों भाई क्या हो रहा है? उत्तर बस, मोबाइल चला रहे हैं। लगता है अब, बस मोबाइल देखने के अलावा और कुछ देखना शेष नहीं। अवकाश दिवस में लोग पिकनिक, सैर-सपाटा, भ्रमण, मिलना-जुलना सब भूल गए। क्या हो गया है हमारी भारतीय संस्कृति को संवेदना को ध्यान रहे संस्कृति के बिना स्वतंत्रता की कल्पना ही व्यर्थ है। अंग्रेजों द्वारा भारतीयों की संस्कृति पर कुठाराघात करने के कारण ही जन-जन में उनका प्रबल विरोध व्याप्त हुआ। इसी की परिणति हैं कि सभी अर्थों में स्वतंत्रता प्राप्त होने के उपरांत भी संस्कृति की स्वतंत्रता के विषय में हम आज भी गुलाम है। हम आज भी पाश्चात्यसभ्यता का अंधानुकरण करते हुए प्रतिदिन अपनी मौलिक और प्राचीन सभ्यता से कट रहे हैं। स्वतंत्रता के पश्चात हमने अपने द्वारा अपनाई जा रही संस्कृति को भी लगता है, स्वतंत्र कर दिया है। कहीं यह दृष्टिगत नहीं होता कि हम स्वतंत्र देश के नागरिक होने के साथ-साथ अपनी ही संस्कृति का अनुकरण कर रहे हैं। एक स्वतंत्र देश जिसे कि गौरव होता है अपनी संस्कृति पर, यह गौरव हम खोते जा रहे हैं। हम उधार की संस्कृति को अधिक महत्व देते हुए दूसरे की मां को अपनी मां समझ रहे हैं। स्वतंत्रता के उपरांत देश में जो नवनिर्माण की लहर चली, उससे सभी क्षेत्र प्रभावित होकर लाभांवित है किंतु संस्कृति के मामले में इसके विकास और उन्नति के विषय में हम निश्चित ही पिछड़े है। आज हम नैतिक, चारित्रिक, आत्मिक एवं आध्यात्मिक रूप से अपनी ही सभ्यता से अपरिचित-सा व्यवहार कर रहे हैं। इससे बड़े खेद की बात और क्या होगी कि हमें हमारी सभ्यता और संस्कृति की विशेषताएं विदेशियों द्वारा याद दिलाई जाती हैं। पाश्चात्य सभ्यता ने इतनी गहरी जड़ें जमा ली हैं कि किसी क्षेत्र में हमें भारतीयता के दर्शन ही नहीं होते। हम आकण्ठ डूब चुके हैं पश्चिमी सभ्यता में और अभी भी प्रयास जारी है इतने गहरे डूबने के कि कभी उबर न सकें। देश में नित्यप्रति पनप रहे अभिजात्य वर्ग, समाज से अपने को पृथक मानकर आनन्द की अनुभूति पाते हैं। हमारे उच्च पदस्थ अधिकारी, धनवान एवं गणमान्य नागरिक अपने घरों में हिन्दी का प्रयोग करते हुए सकुचाते हैं। अंग्रेजी का धड़ल्ले से प्रयोग कर अपने आपको आधुनिक एवं प्रगतिशील कहना, कहलाना अधिक पसंद करते हैं। इन तथाकथित प्रगतिशील घरों में तुलसीकृत रामचरित मानस, गीता अथवा कालिदास के साहित्य भंडार का कोई पुष्प हो या न हो पर अंग्रेज लेखकों के प्रसिद्ध उपन्यास और अन्य नवीन से नवीन कृतियां अवश्य ही उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही पॉप और वेस्टर्न म्यूजिक के रिकॉर्ड भी अधिकता में होंगे। एक ओर तो उक्त स्थिति है, दूसरी ओर अभी तक विदेशियों को भारत के विषय में वास्तविक स्थिति तक ज्ञात नहीं है। भारत की आबोहवा कैसी है? क्या वहां बर्फ गिरती है? गाय को क्यों पवित्र माना जाता है? क्या साड़ी पहनकर काम करने में महिलाओं को असुविधा नहीं होती? वे माथे पर बिंदिया क्यों लगाती हैं? सफाई तथा अन्य दैनिक कार्यों के लिए मशीन का उपयोग नहीं किया जाता? या फिर उनके दिमाग में आज भी हमारे देश की तस्वीर दरिद्रों, अशिक्षितों, जादू टोना, भिखमंगों, महामारियों एवं प्राकृतिक विपदाओं से युक्त देश के रूप में विद्यमान है।

# महाराष्ट्र के युवाओं के लिए गुड न्यूज, फडणवीस कैबिनेट ने 15,000 पुलिस कर्मियों की भर्ती को दी मंजूरी

**महाराष्ट्र के युवाओं के लिए खुशखबरी है। देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली कैबिनेट ने राज्य में 15000 पुलिसकर्मियों की भर्ती को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। कैबिनेट ने सोलापुर-पुणे-मुंबई मार्ग के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएपीएफ) को भी मंजूरी दी।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के युवाओं के लिए खुशखबरी है। देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट ने राज्य में 15000 पुलिसकर्मियों की भर्ती को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। कैबिनेट ने सोलापुर-पुणे-मुंबई मार्ग के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएपीएफ) को भी मंजूरी दी। साथ ही कैबिनेट ने सामाजिक न्याय विभाग के अलग-अलग सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की ओर से संचालित योजनाओं के तहत लोन के गारंटर के लिए मानदंडों में ढील दी।महाराष्ट्र पुलिस फोर्स में 15 हजार की भर्तीमहाराष्ट्र पुलिस फोर्स में लगभग 15 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती के फैसले को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी मिल गई है। यह फैला मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाले गृह मंत्रालय ने लिया। आइए जानते हैं आज हुई कैबिनेट मीटिंग में क्या-क्या फैसले लिए गए? अनधिकृत निर्माण पर जुमार्ना माफदूसरी ओर, राज्य सरकार ने अवैध निमार्णों के कारण चर्चा में रहने वाले ठाणे नगर निगम क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण पर जुमार्ना माफ करने का फैसला किया है। नगर विकास विभाग ने सोमवार को इस संबंध में एक सरकारी फैसला लिया। बताया जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नगर निगम चुनावों से पहले नगर विकास विभाग के माध्यम से अवैध निमार्णों पर करोड़ों रुपये का जुमार्ना माफ करके अपने गढ़ में वोटों की बारिश की है।

# ध्वजारोहण को लेकर एकनाथ शिंदे सेना को जोर का झटका

## रायगढ़ में अदिति तटकरे तो नासिक में गिरीश महाजन फहराएंगे तिरंगा

**देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य में सत्ता संघर्ष देखने को मिला। सोमवार को जारी आदेश के तहत रायगढ़ जिले में अदिति तटकरे और नासिक में गिरीश महाजन ध्वजारोहण करेंगे। इसे शिंदे सेना को जोर का झटका माना जा रहा है। मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह मामला शिंदे सेना उठा सकती है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य में सत्ता संघर्ष देखने को मिला। सोमवार को जारी आदेश के तहत रायगढ़ जिले में अदिति तटकरे और नासिक में गिरीश महाजन ध्वजारोहण करेंगे। इसे शिंदे सेना को जोर का झटका माना जा रहा है। माना जा रहा है कि शिंदे गुट को पालकमंत्री पद के लिए चल रही जद्दोजहद में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह मामला शिंदे सेना उठा सकती है।

महागठबंधन में शीत युद्ध

पालक मंत्री पद को लेकर महागठबंधन में शीत युद्ध एक बार फिर सामने आ गया है। रायगढ़ के पालक मंत्री का पद पाने के लिए संघर्ष कर रहे शिंदे गुट के मंत्री भरत गोगावाले को स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का अवसर नहीं मिला। इससे शिंदे गुट के विधायकों में गहरी नाराजगी है। सरकार ने रायगढ़ में अदिति तटकरे और नासिक में गिरीश महाजन द्वारा ध्वजारोहण का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में दिल्ली दौरे के जरिए राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन मुख्यमंत्री के अधीन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा घोषित ध्वजारोहण सूची ने शिंदे गुट को बड़ा झटका दिया है।



### किसका नाम लिस्ट में नहीं?

ध्वजारोहण कार्यक्रम में बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार गुट के एक-एक कैबिनेट मंत्री को किसी भी जिले का ध्वजारोहण करने का अवसर नहीं मिला। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, बीजेपी के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, अजित पवार गुट के बाबासाहेब पाटिल और शिंदे गुट के भरतशेठ गोगावले का नाम सूची में नहीं है। इसके साथ ही, महायुति में शामिल तीनों दलों के एक-एक राज्य मंत्री को भी यह अवसर नहीं मिला। इनमें बीजेपी की माधुरी मिसाल, शिंदे गुट के योगेश कदम और अजित पवार गुट के इंद्रनील नाइक शामिल हैं। इस निर्णय ने राजनीतिक गलियारों में कई चचाओं को जन्म दे दिया है।

### फडणवीस कहां करेंगे ध्वजारोहण?

सूची के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई स्थित मंत्रालय में ध्वजारोहण करेंगे, जबकि राज्यपाल पुणे में मौजूद रहेंगे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपने ठाणे जिले में ध्वजारोहण करने का अवसर मिला है, जबकि अजित पवार बीड में तिरंगा फहराएंगे।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे पर बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है स्वच्छता अभियान

## पश्चिम रेलवे द्वारा श्रमदान और वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, भारतीय रेल द्वारा हमारे देश में मनाये जा रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह के एक भाग के रूप में और स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वच्छता के राष्ट्रीय हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि के लिए ₹स्वच्छता अभियान₹ मनाया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में अर्थात 1 से 15 अगस्त, 2025 तक और उसके बाद 16 अगस्त से 31 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। यह अभियान रेलवे के सभी क्षेत्रों जैसे स्टेशनों, ट्रेनों, कॉलोनियों, कार्यालयों, डिपो और वर्कशॉप आदि में स्वच्छता के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाता है, साथ ही कर्मचारियों और यात्रियों में जागरूकता भी बढ़ाता है। पश्चिम रेलवे भी इस ₹स्वच्छता अभियान₹ में सक्रिय रूप से भाग ले रही है और इसके सभी मंडलों और इकाइयों में इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे का मुंबई सेंट्रल मंडल भी रेल कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों और स्थानीय समुदायों की भागीदारी के साथ स्वच्छता अभियान मना रहा है। कर्मचारियों और जन-स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता रैलियाँ आदि आयोजित की जा रही हैं। रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों और कार्यालयों में स्वच्छता और स्टेशन रखरखाव पर कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं। इसी प्रकार, आम जनता से सीधे संपर्क रखने वाले कर्मचारियों के लिए भी विशेष कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से कर्मचारियों को स्वच्छता के सर्वोत्तम तरीके सीखने और ग्राहक सेवा में सुधार करने में मदद मिलती है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रेलवे स्काउट्स एवं गाइड्स टीम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ-साथ अपनी दिनचर्या में बेहतर स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।श्री विनीत ने आगे बताया कि मुंबई सेंट्रल मंडल के विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों और कार्यालय परिसरों में श्रमदान और सघन सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान रेलवे पटरियों के पास लगभग 2000 मीटर नालियों की सफाई की गई, जिससे बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित हुई। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर केंद्रित जागरूकता अभियान विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। इन अभियानों से स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद मिली है। मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने प्रमुख स्टेशनों पर कूड़ा-कचरा विरोधी अभियान चलाकर यात्रियों से कचरे का जिम्मेदारी से निपटान करने और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने का आग्रह किया जा रहा है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप मुंबई सेंट्रल स्थित कोच केयर सेंटर ने बायो-टॉयलेट के उपयोग पर एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे कर्मचारियों की एक टीम मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों के साथ बातचीत कर रही है और उन्हें बायो-टॉयलेट के इस्तेमाल के फायदों और बेहतर स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन में इनके योगदान के बारे में जानकारी दे रही है। इसके अलावा लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताने के लिए स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान भी चलाए जा रहे हैं। खानपान कर्मचारियों के लिए जागरूकता अभियान और खाद्य प्रतिष्ठानों, पेंट्री कारों और बेस किचन में निरीक्षण भी चलाए जा रहे हैं। यात्रियों को प्लास्टिक कचरे को कम करने और कचरे का उचित निपटान केवल कूड़ेदानों में करने के लिए प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरित पहल के तहत, विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान भी चलाए जा रहे हैं।स्वतंत्रता दिवस समारोह सप्ताह के दौरान स्वच्छता अभियान में पश्चिम रेलवे की सक्रिय भागीदारी स्वच्छता, स्थिरता और सार्वजनिक सहभागिता के प्रति इसकी निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# वसई किले के संरक्षण के लिए सांसद सावरा ने केंद्रीय मंत्री शेखावत से की मांग



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत से वसई किले के संरक्षण के साथ-साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। जिले की सांस्कृतिक विरासत और यहाँ कार्यरत कर्मचारियों के अधिकार, दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। सावरा ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार इन दोनों मांगों पर तत्काल ध्यान दे और सकारात्मक निर्णय ले। सावरा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उपेक्षा, अतिक्रमण और क्षरण के कारण वसई किला और उसका चर्च, प्रवेश द्वार और स्थापत्य अवशेष क्षीण हो रहे हैं। उन्होंने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को एक विस्तृत संरक्षण और जीर्णोद्धार योजना तैयार करने, आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने और इस स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्थल में शामिल करने के निर्देश दिए। खा. सावरा ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत से चर्चा की। भारतीय पुरातत्व विभाग के मुंबई मंडल में 15 से 20 वर्षों से लगातार सेवारत कर्मचारियों को अभी तक स्थायी रोजगार का लाभ नहीं मिला है जबकि औरंगाबाद और नागपुर मंडल के कर्मचारियों को 2800 ग्रेड पे और वरिष्ठता के आधार पर मान्यता दी गई है। इस असमानता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, डॉ. हेमंत सावरा ने मांग की है कि इन कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित किया जाए और उन्हें समान ग्रेड पे का लाभ दिया जाए।

# बालश्रम का पर्दाफाश, 15 वर्षीय किशोर छुड़ाए गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पालघर जिले के पेल्हार पुलिस थाना क्षेत्र में बाल श्रमिकों के शोषण के खिलाफ कार्रवाई की गई। कामगार उप आयुक्त कार्यालय, पालघर के श्रम अधिकारी गोपाल पाटील और दुकानदार निरीक्षक अभिमन देवरे ने पेल्हार पुलिस की सहायता से दो होटलों पर छापा मारकर दो नाबालिग बाल श्रमिकों को छुड़ाया। यह छापेमारी 'गाजी दरबार होटल' और 'शाने गाजी केटरर्स' नामक प्रतिष्ठानों में मारी गई। जांच में सामने आया कि गाजी दरबार होटल में सादिक अली नाम का 15 वर्षीय लड़का पिछले डेढ़ महीने से वेटर का काम कर रहा था, वहीं शाने गाजी कैटरर्स में इबरार खान नामक एक और 15 वर्षीय लड़का पिछले 15 दिनों से प्रतिदिन 400 रुपये की मजदूरी पर वेटर के रूप में काम कर रहा था।

# दुर्गंध की शिकायत के बाद मध्यरात्रि रासायनिक टैंकर जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई (युनिस खान) दीघा संभाग में 7 अगस्त से शिकायतें मिल रही थीं कि ग्रीन वर्ल्ड सोसाइटी और रामनगर क्षेत्र में रसायनों की दुर्गंध से क्षेत्र के नागरिक परेशान हो रहे हैं। कोई अज्ञात व्यक्ति उस क्षेत्र या नाले में रसायनों की दुर्गंध छोड़ रहा है, इसलिए पुलिस व्यवस्था, ऐरोली अग्निशमन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल और पर्यावरण विभाग को सूचित किया गया। यह पता लगाने के प्रयास किए जा रहे थे कि उक्त रसायन कहाँ छोड़ा जा रहा था। इस दौरान, नवी मुंबई मनपा के पर्यावरण विभाग द्वारा ग्रीन वर्ल्ड सोसाइटी के सामने वाले नाले से पानी के नमूने जाँच के लिए लिए गए। इसके बाद भी, दीघा संभाग के अधिकारी, कर्मचारी और पर्यावरण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी रात्रि गश्त कर रहे थे। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी अडकर और देशमुख के साथ-साथ नवी मुंबई मनपा पर्यावरण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अजिंक्य पाटिल और दीघा संभाग कार्यालय द्वारा सुबह तक संयुक्त निरीक्षण दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान ग्रीन वर्ल्ड सोसाइटी के पदाधिकारियों और नागरिकों से भी पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि ऐरोली स्थित नेवा गार्डन सोसाइटी के पास नाले में रात के समय टैंकरों द्वारा रसायन बहाए जा रहे हैं। उस स्थान पर कर्मचारियों द्वारा निगरानी रखी गई और रात में गश्त भी की जा रही थी। इस गश्त के दौरान, 11 अगस्त को दोपहर लगभग 1 बजे, दीघा स्टेशन के सामने मुकंद कंपनी गेट के पास खड़े एक संदिग्ध टैंकर की जाँच के दौरान पता चला कि उस टैंकर में तेज गंध वाला रसायन था। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी सचिन अडकर, सचिन देसाई और देशमुख ने लिटमस पेपर से रसायन का परीक्षण किया और पाया कि उक्त रसायन हानिकारक था। इस संबंध में पुलिस हेल्पलाइन 112 पर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस बीट मार्शल और विभाग के पुलिस निरीक्षक मौके पर पहुँचे। इसके बाद, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों और नवी मुंबई मनपा के दीघा प्रभाग अधिकारी एवं सहायक आयुक्त श्री नैनेश बदले और पर्यावरण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अजिंक्य पाटिल ने घटनास्थल का पंचनामा किया। इस पर ग्रीन वर्ल्ड सोसाइटी के सचिव और निवासियों की गवाही ली गई। घटनास्थल पर खड़े टैंकर में मौजूद रसायनों के नमूने परीक्षण के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल और पर्यावरण विभाग की प्रयोगशालाओं में भेजे गए हैं। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जाँच जारी है।

# आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के माध्यम से उत्तर भारत देवभूमि यात्रा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने उत्तर भारत देवभूमि यात्रा नामक एक विशेष आध्यात्मिक पर्यटन पहल का शुभारंभ किया है। यह यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन योजना के तहत संचालित की जा रही है। यह विशेष यात्रा उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की सैर कराते हुए यात्रियों को एक अद्वितीय और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगी। आईआरसीटीसी, जो कि रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है, देश में सांस्कृतिक, विरासत और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर भारत देवभूमि यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश जैसी केंद्र सरकार की पहलों के अनुरूप घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

टूर अवधिः 4 अक्टूबर से 14 अक्टूबर

यात्रा अवधिः 10 रातें / 11 दिन

कुल दूरीः लगभग 5000 किलोमीटर

प्रमुख तीर्थ स्थलों का विवरणः

हरिद्वार व ऋषिकेश झ गंगा आरती व योग-ध्यान स्थलों का दर्शन

अमृतसर स्वर्ण मंदिर व वाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह

कटरा माँ वैष्णो देवी के दरबार में दर्शन

मथुरा व वृंदावन झ श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं भक्ति स्थलों की यात्रा

आगरा झ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का भ्रमण

प्रस्थान व चढ़ने/उतरने के स्टेशनः

यात्रा की शुरूआत व समाप्तिः कोल्हापुर

अन्य बोर्डिंग विकल्पः मिरज, सांगली, कराड, सतारा, पुणे, लोणावळा, कर्जत, कल्याण, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा

कोच श्रेणियाँ व किरायाः

श्रेणी किराया (?)

स्लीपर श्रेणी (इकोनॉमी) ?19,890/-

3अउ (स्टैंडर्ड क्लास) ?33,560/-

2अउ (कंफर्ट क्लास) ?44,460/-

कुल क्षमताः 750 यात्री

कोच प्रकारः आधुनिक एलएचबी कोच, बेहतर सुरक्षा और आरामदायक सुविधाओं से सुसज्जित

पैकेज में शामिल सुविधाएँः

वातानुकूलित / गैर-वातानुकूलित होटलों में साझा आधार पर ठहराव

शाकाहारी भोजन (ट्रेन में और बाहर दोनों स्थानों पर)

वातानुकूलित / गैर-वातानुकूलित वाहनों द्वारा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल भ्रमण

यात्रा बीमा

अनुभवी आईआरसीटीसी टूर मैनेजरों की सेवाएँ

ट्रेन में मॉडर्न किचन, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा गार्ड

सम्पूर्ण यात्रा के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान

बुकिंग विवरणः

बुकिंग वेबसाइटः https://www.irctctourism.com

संपर्क मोबाइल नंबरः +91-8287931886 द्वारा की जा सकती है bgtmumbai@irctc.com

# घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

वसई विरार शहर महानगर पालिका के खेल विभाग द्वारा घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर स्कूली छात्रों ने तिरंगा दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दूसरी ओर तिरंगा बाइक और साइकिल रैली में आम नागरिकों ने भी पूरे जोश और जज्बे के साथ इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# वसई विरार शहर महानगर पालिका पुस्तकालय विभाग द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



12 अगस्त को पुस्तकालयाध्यक्ष (लायब्रेरियन) के जनक, डॉ. एस.आर.रंगनाथ की जयंती के उपलक्ष्य में इस दिन को पूरे भारत में ₹राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है। वसई विरार शहर महानगर पालिका के डॉ. के. बी. हेडगेवार सार्वजनिक पुस्तकालय द्वारा आज 12 अगस्त, 2025 को पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर, वसई विरार शहर महानगर पालिका के वार्ड समिति 'एच' नवघर स्थित डॉ. के. बी. हेडगेवार सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. एस. आर. रंगनाथन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनकी प्रतिमा का पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुस्तकालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी, पाठक और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. एस.आर.रंगनाथन द्वारा पुस्तकालय विज्ञान के लिए किए गए कार्यों का संक्षिप्त वाचन किया गया।

# स्कूल के शौचालय में घिनौनी हरकत, 9 साल के छात्र ने नाबालिग छात्रा से किया रेप

**महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की दर जहां एक ओर गंभीर स्तर पर है, वहीं जिले में एक बच्ची के साथ दरिंदगी हुई है। एक 9 साल के स्कूली छात्र ने अपनी कक्षा की एक छोटी बच्ची के साथ बलात्कार किया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



यवतमालः महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की दर जहां एक ओर गंभीर स्तर पर है, वहीं जिले में एक बच्ची के साथ दरिंदगी हुई है। एक 9 साल के स्कूली छात्र ने अपनी कक्षा की एक छोटी बच्ची के साथ बलात्कार किया। वह उसे एक अन्य बच्ची की मदद से शौचालय में ले गया और उसके साथ यह जघन्य कृत्य किया। प्राइवेट पार्ट में दर्द की शिकायत पर खुला राजपुलिस के अनुसार, 8 साल की छात्रा और आरोपी छात्र दोनों एक जिला परिषद स्कूल में कक्षा तीन के छात्र हैं। यह जघन्य घटना इसी महीने की पहली तारीख को हुई थी। इस अपराध को अंजाम देने वाले छात्रों को किशोर सुधार गृह भेज दिया गया है। घटना के कुछ दिनों बाद पीड़ित छात्रा ने अपने माता-पिता को बताया था कि उसके प्राइवेट पार्ट में दर्द हो रहा है।पीड़िता की मां ने पुलिस में की शिकायतयह घटना तब सामने आई जब पीड़िता के माता-पिता उसे तुरंत अस्पताल ले गए। पुलिस ने यह भी बताया कि डॉक्टर ने बताया कि उसके प्राइवेट पार्ट में चोट लगी है। इस घटना ने स्कूल और इलाके में सभी को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने आगे बताया कि पीड़िता की मां ने इस घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।दोनों को किशोर सुधार गृह भेजाछात्रा ने अपनी मां को बताया कि दो छात्रों ने एक अन्य लड़की की मदद से स्कूल के शौचालय में उसके साथ बलात्कार किया। लेकिन पीड़िता की मां 9 अगस्त को पुलिस के पास पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को किशोर सुधार गृह भेज दिया गया है। रायगढ़ में भी सामने आया ऐसा ही मामलारायगढ़ से भी ऐसी ही एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने पांच वर्षीय बच्चे के साथ यौन उत्पीड़न किया। पंद्रह वर्षीय नाबालिग ने पांच वर्षीय बच्चे को एक झाड़ी में ले गया और वहां उसके साथ घिनौना कृत्य किया। इससे बच्चे के प्राइवेट पार्ट में चोट आई। उसे तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। नाबालिग के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया अभी जारी है।

# बेटा पिता के गाल पर तड़ाक-तड़ाक मार रहा, वीडियो देख खून खौल जाएगा, पुलिस घर पहुंची

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नागपुरः महाराष्ट्र में नागपुर के शांतिनगर इलाके के मुदलियार चौक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे देखकर हर संवेदनशील व्यक्ति हैरान है। इस वीडियो में एक बुजुर्ग पिता सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं और उनके सामने टी-शर्ट और बरमूडा शॉर्ट्स पहने उनका बेटा अपने पिता के गालों पर एक के बाद एक थप्पड़ मारता नजर आ रहा है। ये सिर्फ मारपीट नहीं, बल्कि एक पिता के सम्मान और स्वाभिमान का खुला अपमान है। वीडियो में क्या? वीडियो में दिख रहा है कि बेटा अपनी मां के सामने ही अपने पिता को बार-बार थप्पड़ मार रहा है। बुजुर्ग पिता बेटे को रोकने के लिए हाथ जोड़कर विनती करता है, लेकिन उसका कोई असर नहीं होता। बेटा कभी अपने पिता के बाल खींचता है

मध्य रेल

ओएचई संशोधन कार्य

क्रमांक 1– निविदा क्रमांक : BB.LD.585.W.883.ContR1, कार्य का नाम : टाटा पावर कार्नाक आरएसएस, परेल आरएसएस और बेस्ट ग्रांट रोड आरएसएस के बीच परेल–ग्रांट रोड एवं कार्नाक–ग्रांट रोड केबल परियोजना के तहत 220 केवी ईएचवी एक्सएलपीई केबल बिछाने के संबंध में मुंबई मंडल में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य। 2. अनुमानित लागत ₹ : 50,03,988.52, 3. बिड सिक्योरिटी ₹ : 1,00,100/–, 4. ऑफर की वैधता : 60 दिन, 5. समापन अवधि : 6 महीने, 6. निविदा फार्म का मूल्य ₹ : 0, I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय दिनांक 02.09.2025 को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। II) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। III) केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई–टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई–टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन, देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। IV) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। V) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई–400001। फोन 022–22612355. निविदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण) दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई–400001** के 'नोटिस बोर्ड' पर भी उपलब्ध है। खुली निविदा सूचना सं. BB.LD.585.W.883.CONTR1 दिनांक 11.08.2025.

360 वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क./वि.)

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## कुणबी समाज द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एवं रक्तदान शिविर संपन्न




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , कुणबी समाज विकास संघ द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में युवाओं उत्साह के साथ रक्तदान किया। मनपा शाला, गौशाला रोड़, मुलुंड पश्चिम में आयोजितसमारोह की अध्यक्षता विनायक घानेकर ने किया इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 112 युवाओं, युवतियों ने रक्तदान किया इस अवसर पर समाज के 40 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ सचिन सिंह ( अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन ), राजोल संजय पाटील ( युवा सेना नेता ), समाज सेविका रुपाली पंकज सूबेदार ने पुरस्कार, सम्मान पत्र देकर किया समारोह के आयोजन में कुणबी युवा मंडल, महिला मंडल, वर वधु सूचक मंडल के सभी पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला

## अहीरा के गवर्नर अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 के लिए चयनित।

### 15 अगस्त इंडिपेंडेंस डे को रेडिसन ब्ल्यू द्वारका नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा पुरस्कार।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ.ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के महाराष्ट्र प्रभाग के गवर्नर, कल्पना श्रुति समाचार पत्र के प्रधान संपादक और सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को महाराष्ट्र राज्य के प्रतिनिधि के तौर पर ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 के लिए चयनित किया गया है। अजय श्रीनिवास राव चिरिवेल्ला को यह अवॉर्ड 19 अगस्त वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन डे के उपलक्ष में शुक्रवार 15 अगस्त इंडिपेंडेंस डे के अवसर पर रेडिसन ब्ल्यू द्वारका नई दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। यह अवॉर्ड प्रतिवर्ष समाज के परिवर्तनकारी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व को प्रदान किया जाता है। वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन डे प्रतिवर्ष उन लोगों की स्मृति में मनाया जाता है जो मानवतावादी कार्यों को करने के दौरान शहीद हुए है या घायल हुए है। इसके साथ ही यह दिन उन सभी सहायता एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो लोगों की सेवा में लगे रहते हैं। अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को यह अवॉर्ड उनके मानवतावादी क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए प्रदान किया जा रहा है। अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को ह्यूमैनिटरयन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 के लिए चयनित किए जाने पर ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स असोसिएशन के जिल्हा प्रमुख प्रदीप कुमावत, अंबरनाथ तालुका प्रमुख बालासुंदरम मुदलियार, महिला जिल्हा प्रमुख दीपा एडविन, अंबरनाथ महिला प्रमुख राधिका मुखर्जी, मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी, वृतांत जिल्हा के संपादक शत्रुघ्न उमप, शिव दरबार के संपादक प्रफुल थोरात, अंबरनाथ टाइम्स के कार्यकारी संपादक राजेंद्र सूर्यवंशी, सागर वृत्तपत्र के प्रतिनिधी सिझर लॉरेन्स, नवभारत समाचारपत्र के कमर काजी, गोसावी समाज के उपाध्यक्षा नेहा गोसावी, राष्ट्रवादी काँग्रेस शरद पवार गट अंबरनाथ शहर अध्यक्ष सदा ( मामा ) पाटील, राष्ट्रवादी काँग्रेस ( अजित गट ) के अंबरनाथ शहर के नेते डी मोहन, वामसी राव, विनय मिश्रा, भाजपा नेता सजेर्राव महुरकर, परिवार के सदस्यों और मित्रो ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

फास्ट ट्रैक

## स्कूल बंक कर नहाने गए छात्र की मौत

### कर्णावती नदी में डूबने से हुआ हादसा, तीन दोस्तों के साथ गया था नहाने

मिजार्पुर, विंध्याचल थाना क्षेत्र में स्थित डेरवा में कर्णावती नदी में नहाते समय एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्कर्ष मौर्य ( 15 ) के रूप में हुई है। वह वर्धमान पब्लिक स्कूल, लाल डिग्गी में कक्षा 10 का छात्र था। जब उत्कर्ष अपने तीन दोस्तों के साथ स्कूल जाने के बहाने घर से निकला। लेकिन स्कूल न जाकर सभी विजयपुर क्षेत्र में



घूमने चले गए। दुलारो माता मंदिर के पीछे कर्णावती नदी के पास पहुंचकर चारों दोस्त नहाने उतर गए। नहाते समय एक साथी डूबने लगा। उसे बचाने के लिए अन्य तीनों ने छलांग लगा दी। इस दौरान उत्कर्ष मौर्य डूब गया। बाकी तीन छात्रों - दीपक ( दिलीप कुमार का पुत्र ) और शौर्य सिंह सहित एक अन्य को बचा लिया गया। सूचना मिलते ही विंध्याचल थाना प्रभारी और गैपूरा चौकी प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। दो भाइयों में छोटे उत्कर्ष के डूबने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव की तलाश में जुटी है।

## पिछड़ा आयोग सदस्य सत्येन्द्र बारी का मिर्जापुर दौरा

### विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन के बाद कई गांवों में जन चौपाल, समस्याओं का समाधान का आश्वासन

मिर्जापुर, पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी ने मंगलवार को कई स्थानों का दौरा किया। विश्व हिंदू परिषद कार्यालय, इमलहा नाथ महादेव मंदिर में विहिप जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह ने उनका अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। बारी ने इमलहा नाथ महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। कार्यकताओं से




मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। डाकबंगला अष्टभुजा में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद वे माता विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे। विहिप प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ मिश्र की अस्वस्थता की जानकारी पर उनके घर जाकर स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कोन ब्लाक के हरसिंहपुर, तिलठी, जगदीशपुर, मल्लेपुर, लखनपुर, चेकसारी और मुजेहरा गांवों में जन चौपाल लगाई। स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विहिप के विभाग संगठन मंत्री अमित, विभाग संयोजक प्रवीण सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। तहसीलदार सदर डॉ. विशाल शर्मा, समाज कल्याण विभाग से रामविलास यादव, बेसिक शिक्षा विभाग से अनिल कुमार वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अजित मौर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग को बर्खास्त करने की माँग को लेकर राकांपा ने किया विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , मतदान में धांधली करने के लिए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति से सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया। अब चुनाव आयोग सत्ता में बैठी भाजपा को वोट चोरी करने में मदद कर रही है। एनसीपी-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मरजिया शानू पठान के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त पर भाजपा के लिए काम करने और चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाकर जोरदार आंदोलन शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने कई बार चुनाव आयोग के खिलाफ अपना गुस्सा भी जताया। लोकसभा चुनाव में पड़े वोटों में चुनाव आयोग की मदद से हुई अनियमितताओं के पूरे सबूत लोकसभा में विरोधी दल के नेता राहुल गांधी ने पेश कर दिए हैं। इसके अलावा, सोमवार को राहुल गांधी ने शरद पवार, मल्लिकार्जुन खड़गे और सभी प्रदर्शनकारियों के साथ नई दिल्ली में भी इसका विरोध किया था। आज मुंब्रा के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक पर एक जोरदार आंदोलन किया गया। राकांपा शरदचंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में, सैयद अली अशरफ, अशरफ शानू पठान, शमीम अहमद खान की मदद से और मरजिया शानू पठान के नेतृत्व में मुंब्रा शहर के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों नागरिक संविधान की प्रतियां और चुनाव आयोग के विरोध में तख्तियां लेकर आए। बाबासाहेब आंबेडकर चौक के आसपास एकत्र हुए। विरोध करने वाले चुनाव आयोग चोर है; वोट चोर... सत्ता छोड़ो; पूर्व में, हम गोरे लोगों के लिए लड़ रहे हैं... हम आ रहे हैं, हम वोट चोरों के लिए लड़ रहे हैं, चुनाव आयोग खाली है, हम वोट बचाने के लिए निकले हैं... हमसे जुड़ें, वोट चोरों से सावधान रहें... भारत जाग गया है। इस तरह के नारे लगाते हुए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मरजिया शानू पठान ने कहा कि संविधान ने चुनाव आयोग को स्वायत्तता दी है। वह चुनाव आयोग ही सम्राट की तानाशाही जैसा काम करता है। इसलिए, चुनाव आयोग ने भ्रष्ट शासकों को चुना है। एक घर में 80 लोग, एक इमारत में 7 हजार मतदाता, 80 साल के नए मतदाता, पाँच राज्यों के मतदाता जो एक व्यक्ति की यादों में खोये हुए हैं, यह सब राहुल गांधी ने उजागर कर दिया है। एक निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख वोट चुराए जाते हैं और देश की कुल जनसंख्या से ज्यादा मतदाता हैं या चुनाव आयोग ने भाजपा को चुनावी जीत दिला दी है। विरोध प्रदर्शन में फरजाना शाकिर शेख, शाकिर शेख, साकिब दाते, नाज़िम खान बुबेर, महशर शेख, इमरान शेख, समीर मलिक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल थे।

## गंगासागर पुत्र असोसिएशन की ओर मनी पूर्व सांसद फूलनदेवी की जयंती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करने वाली पूर्व सांसद फूलन देवी का ठाणे में गंगासागर पुत्र एसोसिएशन की ओर से जयंती मनाई गई। जिसमें जुटे मछुआरा समाज के साथ अन्य समाज बंधुओं ने उनके संघर्ष को महिला अत्याचार के विरुद्ध अत्याचारियों को सबक सिखाने वाला करार दिया है। आर्यन लेडी और नारी समाज शक्तिकरण की पर्याय बनी स्व .बहन फुलन देवी की जयंती समारोह में अनेक लोग उपस्थित रहें। इस प्रकार गंगासागर पुत्र असोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रकाश निषाद, कोषाध्यक्ष राम आधार साहनी उपाध्यक्ष दीपचंद मल्लाह, संचालक सचिन साहनी, द्वारका साहनी, सह कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण मल्लाह, खजानची मल्लाह, राम आसरे निषाद, दयाराम निषाद, विक्की नागर, संचालन कर्ता मुकेश पारस नाविक, राम राज बिंद, एडवोकेट देवीलाल बिंद, संजय बिंद, रामनयन साहनी, श्याम सुंदर साहनी, ऋषिकेश साहनी, ओमप्रकाश साहनी, पप्पू श्रीवास्तव, यादव समाज ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, रामा नंद यादव, कृष्णा यादव, रवि कोली, ठाणे शहर कग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले, राम जियावन निषाद, सुशांत उतेकर, मनोज केवट, पन्ने लाल निषाद, महेंद्र निषाद, राजमन साहनी ?समेत अनेक लोग शामिल रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रकाश निषाद ने बताया कि हमारी संस्था पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती




और पुण्य तिथि मानती है जिसका उद्देश्य समाज खासकर महिलाओं में अन्याय और अत्याचार के प्रति संघर्ष को जागृत करना है। समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और आपसी एकता को बढ़ाने के लिए संस्था की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## दहिसर टोल प्लाजा को वेस्टर्न होटल के सामने स्थानांतरित किया जाएः प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,मीरा-भायंदर शहर के प्रवेश द्वार पर स्थित दहिसर टोल प्लाजा, मुंबई महानगरीय क्षेत्र में प्रवेश करते समय नागरिकों के लिए भारी यातायात जाम का कारण बनता है। जिससे अनावश्यक ईंधन की बबार्दी होती है। साथ ही, वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। इसलिए, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अनुरोध किया है कि दहिसर टोल प्लाजा को वेस्टर्न होटल के सामने, 2 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाए। मंत्री सरनाईक ने कहा कि एकनाथ शिंदे जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने राज्य के कई टोल प्लाजा समाप्त कर दिए थे और सभी टोल प्लाजा पर छोटे वाहनों के लिए टोल माफ कर दिया था। इस निर्णय का आम जनता ने स्वागत किया। दहिसर टोल प्लाजा के कारण मीरा-भायंदर शहर से मुंबई आने-जाने वाले 15 लाख स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और यात्रियों को भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ रहा है। इससे यात्रा का समय बढ़ रहा है और ईंधन की अनावश्यक बबार्दी हो रही है। परिवहन मंत्री द्वारा दिए गए बयान में कहा गया है कि मीरा-भायंदर मनपा की सीमा में स्थित यह टोल प्लाजा शहर के अंदर है, इसलिए यातायात जाम से बचने और नागरिकों को राहत देने के लिए, इस टोल प्लाजा को 2 किलोमीटर दूर वेस्टर्न होटल के सामने स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इससे मीरा-भायंदर और मुंबई के बीच यात्रा आसान हो जाएगी। इस संबंध में, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही एक बैठक आयोजित करके इस मुद्दे का समाधान किया जाएगा। इसलिए, परिवहन मंत्री ने भी विश्वास व्यक्त किया है कि यदि यह मांग मान ली जाती है, तो स्थानीय नागरिकों को टोल-मुक्त यात्रा का लाभ मिलेगा और यातायात का दबाव कम होगा।

## बिजली-चोरी के नाम पर सीढ़ी लगाकर दीवार पर चढ़े कर्मचारी

### घर मालिक के विरोध पर ग्रामीणों ने घेरा, कर्मचारियों ने मानी गलती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, विद्युत विभाग के कर्मचारियों की कार्रवाई विवादों में आ गई। विद्युत उपकेंद्र हथौड़ा के कर्मचारी बिजलीपुरा मोहल्ले में एक मकान पर पहुंचे। उन्होंने बिना अनुमति मकान की दीवार पर सीढ़ी लगाकर चढ़ना शुरू कर दिया। मकान मालिक जब पत्नी की दवा लेकर लौटा तो कर्मचारियों को दीवार पर चढ़ा देखा। उसने तुरंत कर्मचारी को नीचे उतरने को कहा। पूछताछ में कर्मचारी स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। इस पर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए और मामला तूल पकड़ गया। कर्मचारियों ने पहले कहा कि उन्हें बिजली चोरी की सूचना मिली थी। लेकिन विरोध बढ़ने पर वे अपनी गलती मानने लगे। मोहल्ले वालों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। कर्मचारियों ने वहां से निकलने की कोशिश की। लेकिन लोगों ने उन्हें घेर लिया। विद्युत उपकेंद्र हथौड़ा के अवर अभियंता अंकित तिवारी ने बताया कि विद्युत मित्र पोर्टल पर चोरी की सूचना के आधार पर कर्मचारी वहां गए थे। जहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया। हालांकि, यह घटना विभाग के आलाधिकारियों तक नहीं पहुंची। अधीक्षण अभियंता ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। वहीं अवर अभियन्ता एक तरफ एफआईआर दर्ज करने की बात कर रहे हैं तो वही दूसरी तरफ कर्मचारियों ने बेरी पुलिस चौकी में समझौता भी कर लिया है।

समझौते में दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर कार्रवाई नही करने की बात लिखी है। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो आजकल चोरी की अफवाहे भी उड़ रही हैं।

तमाम घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके मकान मालिक को बगैर सूचना दिए दीनार पर सीढ़ी लगाकर चढ़ना संदेह पैदा करता है। उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर बड़ी लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## मारपीट में चंद्रपाल की हुई थी मौत

### आरोपी लालजीतगिरफ्तार, एक अभी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतक चंद्रपाल कश्यप की पत्नी नीलम कश्यप ने तहरबगंज मोहल्ले के मिथुन और लालजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। नीलम के अनुसार, दोनों आरोपियों ने उनके पति को शराब पिलाने के बाद पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने मंगलवार को लालजीत को जलालाबाद रोड स्थित रामनगर कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में



लालजीत ने बताया कि वह मिथुन और चंद्रपाल के साथ शराब पी रहा था। इस दौरान चंद्रपाल ने उसे गालियां दीं। गुस्से में आकर उसने चंद्रपाल को दो-तीन लात मारी और घर चला गया। बाद में उसे चंद्रपाल की मौत की जानकारी मिली। थानाध्यक्ष जुगल किशोर पाल के अनुसार, एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। दूसरे आरोपी मिथुन की तलाश जारी है।

## कांग्रेस का डिजिटल वोटर लिस्ट को लेकर प्रदर्शन

### पुलिस ने रोका तो सड़क पर लेटे कार्यकर्ता, पिछले सालों की लिस्ट मांगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, कांग्रेस कार्यकताओं ने डिजिटल वोटर लिस्ट को सार्वजनिक करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता जब नगर निगम कार्यालय की तरफ बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए और नारेबाजी करने लगे। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ( एनएसयूआई ) ने राजीव सभागार से नगर निगम कार्यालय तक मार्च निकाला। जिला अध्यक्ष रफी उल हसन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि पिछले वर्षों की डिजिटल वोटर लिस्ट सार्वजनिक की जाए। उनका कहना है कि इससे फर्जी वोटिंग की सच्चाई सामने आएगी। रफी उल हसन ने चेतावनी दी कि अगर चुनाव आयोग ने जल्द ही वोटर लिस्ट सार्वजनिक नहीं की तो एनएसयूआई बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन को सोशल मीडिया पर वोट चोरी हैशटैग के साथ समर्थन मिल रहा है। इस दौरान जिला सचिव फरमान खान, जिला उपाध्यक्ष मोहसिन खान, सिकंदर अली, जी एफ कॉलेज अध्यक्ष कैफ, प्रदेश प्रवक्ता शाश्वत मिश्रा और सईद अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दलित ग्राम प्रधान दंपति पर हमला

- दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, 30 हजार रुपए और जेवर लूटने का लगाया आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में एक दलित ग्राम प्रधान और उनकी पत्नी पर दबंगों ने हमला कर दिया। घटना अफतियापुर गांव की है। पीड़िता सूरती ने पुलिस में शिकायत की और आरोप लगाया कि 11 अगस्त को शाम 4 बजे गांव के दल सिंह, उदयवीर, वीरपाल और शीशराम ने उनकी भतीजी से मारपीट की। जब पीड़िता ने इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई, तो आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें और उनके पति को लाठी-डंडों से पीटा। आरोपियों ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ भी की और हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी जलालाबाद का कहना है की तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि हमलावर घर से 30 हजार रुपए नकद, एक जोड़ी झुमके, एक जोड़ी पायल और अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके परिवार को आरोपियों से जान-माल का खतरा है। पीड़िता के पति वर्तमान में गांव के प्रधान हैं।




## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तानी आर्मी चीफ की धमकी- जामनगर रिफाइनरी को उड़ा देंगे

## अमेरिका में कहा था- हम डूबे तो आधी दुनिया को ले डूबेंगे

एजेंसी

टेक्सास, पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असिम मुनीर ने गुजरात में रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर रिफाइनरी को निशाना बनाने की धमकी दी है। ये दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-साइट रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है। टाइम्स ऑफ इंडिया कि रिपोर्ट के मुताबिक 10 अगस्त को फ्लोरिडा के टेम्पा में डिनर के दौरान मुनीर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में बताया, जिसमें कुरान की आयत के साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी की तस्वीर थी। मुनीर ने कहा था, 'अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।' मुनीर ने दावा किया कि हाल के भारत-पाक संघर्ष के दौरान उन्होंने इस पोस्ट को जारी करने की मंजूरी दी थी ताकि भारत को दिखाया जाए कि अगली बार हम क्या करेंगे। इसे हमले की चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है। मुनीर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र किया, जिसमें रिलायंस अध्यक्ष मुकेश अंबानी को कुरान की एक आयत (सूरह अल-फिल) के साथ दिखाया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस आयत



की व्याख्या कई लोग हवाई हमले की चेतावनी के रूप में करते हैं। मुकेश अंबानी का नाम लेकर मुनीर ने एक ऐसे व्यक्ति की ओर इशारा किया जो भारत की आर्थिक ताकत और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने परमाणु हमले की धमकी भी दी, ताकि भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश को अस्तित्व का खतरा न हो। इसके अलावा मुनीर ने भारत को परमाणु जंग की भी धमकी दी थी। मुनीर ने सिंधु जल संधि स्थगित करने को लेकर भारत पर 10 मिसाइलों से हमला कर तबाह करने की बात कही। मुनीर ने कहा, 'भारत के इसे स्थगित करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।' असीम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गये एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा- परमाणु हथियार की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं। ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी।

यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए।

# ट्रम्प बोले- भारत पर टैरिफ, रूस के लिए झटका

## इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे, कहा- डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25% टैरिफ को मॉस्को के लिए झटका बताया है। सोमवार को व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50% टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं की तारीफ करते हुए कहा कि वे युद्ध से थक चुके हैं और चाहते हैं कि





अपने देशों पर पैसा खर्च करना शुरू करें। ट्रम्प ने कहा कि उनका यूरोप के नेताओं से बेहद अच्छा रिश्ता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रहे जंग को खत्म करना है। ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात होती है तो यह पहली बार होगा जब दोनों नेता अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। रूस ने पहले पुतिन और ट्रम्प की मुलाकात के लिए यूएई का सुझाव दिया था। हालांकि बाद में ट्रम्प ने बैठक के लिए अलास्का को चुना। अलास्का उत्तरी ध्रुव के नजदीक कनाडा से सटी वो जगह है जो कभी रूस का हिस्सा हुआ करती थी। 158 साल पहले रूस ने इसे अमेरिका को सिर्फ 45 करोड़ रुपए में बेच दिया था। अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50% टैरिफ (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगाया है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50% तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25% टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से ऑयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25% का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था। स्टील और एल्युमिनियम विवाद फरवरी से चल रहा है, जब ट्रम्प प्रशासन ने इन मेटल्स पर 25% टैरिफ लगाया था। जून में इस ड्यूटी को बढ़ाकर 50% कर दिया गया। इससे कम से कम 7.6 बिलियन डॉलर, यानी 66,559 करोड़ रुपए के इंडियन एक्सपोर्ट पर असर पड़ा है। भारत ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूटीओ में कहा था कि अमेरिका के कदम को 'नेशनल सिक्योरिटी' के नाम पर छिपाया गया है,

# पूर्व अमेरिकी अधिकारी बोले- आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन

## पीएके आर्मी चीफ ने परमाणु धमकी दी थी; बिलावल ने भी जंग की धमकी दी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी/ इस्लामाबाद, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है। उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के



साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पसोर्ना नॉन ग्राटा' घोषित कर अमेरिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था। आसिम मुनीर की परमाणु धमकी पर भारत ने जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा- परमाणु हथियार की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा।

# पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश, मिनरल वाटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की



खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया, उप उच्चायुक्त जे.पी. सिंह, और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना, सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं।

# संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन, सफेद टी-शर्ट पहनकर जताया विरोध





एजेंसी

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक के टीआर बालू, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, साथ ही वामपंथी दलों एवं अन्य विपक्षी दलों के सदस्य संसद के मकर द्वार के पास एकत्र हुए।**

चुनाव आयोग तक विपक्ष के मार्च को लेकर हुए हाई-वोल्टेज ड्रामा के एक दिन बाद, इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने बिहार में कथित मतदाता धोखाधड़ी और एसआईआर अभ्यास के खिलाफ मंगलवार को अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची पुनरीक्षण की कवायद के खिलाफ मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के कई सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इनमें से कई सांसदों ने सफेद टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिस पर राज्य की मतदाता सूची में कथित तौर पर शामिल 124 वर्षीय एक मतदाता का नाम अंकित था। मिंता देवी उन मतदाताओं में से एक थीं जिनका ज़िक्र कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित मतदाता धोखाधड़ी के मुद्दे पर दिए गए प्रेजेंटेशन में किया गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि ₹124 वर्षीय मिंता देवी₹ हाल ही में जारी बिहार की मसौदा मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता हैं। मसौदा सूची में मिंता देवी की उम्र 124 वर्ष दर्ज है, जो दुनिया के सत्यापित सबसे बुजुर्ग व्यक्ति से नौ साल ज्यादा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, द्रमुक के टीआर बालू, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, साथ ही वामपंथी दलों एवं अन्य विपक्षी दलों के सदस्य संसद के मकर द्वार के पास एकत्र हुए। उन्होंने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे और नारे लगाते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को वापस लेने की मांग की। यह विपक्षी दलों के सांसदों के संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन का 15वां दिन है। प्रदर्शनकारी सांसदों के सामने लगाए गए एक बैनर पर लिखा था हमारा वोट, हमारा अधिकार, हमारी लड़ाई। प्रदर्शनकारी सांसदों द्वारा लिए गए एक अन्य बैनर पर लिखा था एसआईआर - साइलेंट इनविजिबल रिगिंग। प्रियंका गांधी समेत कई सांसद सफेद टी-शर्ट पहने नजर आए, जिन पर मिंता देवी का नाम और उनकी तस्वीर छपी थी और पीछे 124 नॉट आउट लिखा था। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि राजीव कुमार और ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय निर्वाचन आयोग भाजपा का एक विभाग बन गया है।

# पहले हक मारी, अब मत मारी कर रही है...

## एसआईआर को लेकर भाजपा पर बरसे अखिलेश यादव

एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की और सत्तारूढ़ दल पर चुनावों को प्रभावित करने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए, अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर एक साल पहले भी हो सकता था, लेकिन वे वोट काटने के लिए जानबूझकर इसे अब करवा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा काम षड्यंत्र और साजिश करना है। जब उनके पास सवालों के जवाब नहीं होते, तो वे चुनाव में षड्यंत्र रचते हैं। एसआईआर एक साल पहले भी हो सकता था, लेकिन वे बिहार में वोट



काटने के लिए जानबूझकर इसे अब करवा रहे हैं, जबकि उन्हें पूरी तरह से पता है कि बिहार की जनता उनके खिलाफ है। वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से हस्ताक्षरित घोषणापत्र मांगने पर, अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लगभग दो साल पहले 18,000 वोटों के कटने के बारे में एक हलफनामा पेश किया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यादव ने कहा कि आज वे (चुनाव आयोग) राहुल गांधी से हलफनामा मांग रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने लगभग दो साल पहले हटाए गए 18,000 वोटों के बारे में हलफनामे के साथ जानकारी दी है और शिकायत भी दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अगर एक भी अधिकारी या ज़िला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए, तो किसी के भी वोट से छेड़छाड़ नहीं होगी।

# केंद्र सरकार को भंग कर देना चाहिए: अभिषेक बनर्जी

## एसआईआर विवाद के बीच ऐसा क्यों बोले टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी

एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए कहा कि अगर मतदाता सूची में त्रुटियाँ हैं, तो पूरी लोकसभा और केंद्र सरकार को भंग कर देना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के चुनाव के लिए इसी सूची का इस्तेमाल किया गया था। बनर्जी ने चुनाव आयोग पर कथित मतदाता सूची विसंगतियों पर सवालों से बचने का आरोप लगाया और गुजरात और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में एक ही मतदाता पहचान पत्र संख्या वाले मतदाताओं के उदाहरण दिए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग डरा हुआ है। पत्रकारों से बात करते हुए, अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कल दिल्ली में लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदों, जिनमें कई महिला सांसद भी शामिल थीं, के साथ दिल्ली पुलिस ने जिस तरह का व्यवहार किया, उससे साफ है कि चुनाव आयोग डरा हुआ है। उनके पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं है। अगर आपके पास कोई जवाब है, तो बताइए कि गुजरात और बंगाल दोनों राज्यों में एक ही मतदाता पहचान पत्र संख्या वाले मतदाता कैसे हैं? अलग-अलग मतदान केंद्रों पर एक ही नाम वाले मतदाता कैसे हैं?

उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग कह रहा है कि मतदाता सूची में त्रुटि है। अगर हम मान लें कि वे सही हैं, तो इसी मतदाता सूची और मतदाता सूची के आधार पर एक साल पहले देश के प्रधानमंत्री चुने गए, भाजपा के 240 सांसद चुने गए, देश के गृह मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और रक्षा मंत्री चुने गए... अगर मतदाता सूची में कोई अनियमितता है, तो पूरी लोकसभा भंग कर दीजिए...


## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTMB25-5 | 29.08.2025 को 12.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MMS-MobGen-133732-1-25-1 (Misc-Mobile-Services Mobile General) | 03 वर्षों की अवधि हेतु 12009/10-एमएमसीटी-एडीआई शताब्दी एक्सप्रेस में पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग हेतु एप-आधारित लॉजिस्टिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए गार्ड कम्पार्टमेंट नामित बॉक्स/केज स्थान के उपयोग हेतु अनुबंध. | 1096 | 29-08-25 12:30:00 |
| 2 | MMS-MobGen-176202-1-25-1 (Misc-Mobile-Services Mobile General) | 03 वर्षों की अवधि हेतु 22953/54- गुजरात एक्सप्रेस में पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग हेतु एप-आधारित लॉजिस्टिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए गार्ड कम्पार्टमेंट नामित बॉक्स/केज स्थान के उपयोग हेतु अनुबंध. | 1096 | 29-08-25 12:40:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-PnU-25-8 | 29.08.2025 को 13.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PnU-BCT-MMCT-WRL-27-22-1 (Pay and Use - Lounges/ Waiting Retiring Cloak Rooms) | 05 (पांच) वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल के मुंबई सेंट्रल (एमएमसीटी) स्टेशन पर क्लोक रूम सेवाओं का नवीनीकरण, प्रबंधन, अनुरक्षण, संचालन और मैनिंग. | 1826 | 29-08-25 13:30:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-24 | 29.08.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 29-08-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 29-08-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR-STGen-57-25-1 (Misc-Static-Services Static General) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्थान के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 29-08-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1 (Misc-Static-Services Static General) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्थान के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 29-08-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-BVI-STGen-59-25-1 (Misc-Static-Services - Static General) | बोरीवली स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्थान के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 29-08-25 15:10:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-27 | 29.08.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-PL-OH-409-25-2 (Advertising-Out of Home) | लोअर परेल में 180 वर्गफीट क्षेत्रफल के डिस्प्ले एरिया के साथ 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौड़ाई के आयाम के 03 नये एलसीडी/एलईडी | 1826 | 29-08-25 15:30:00 |
| | यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | | | |
| 2 | ADVT-BCT-CYR-OH-423-25-1 (Advertising-Out of Home) | 5 वर्षों की अवधि हेतु 1600 वर्गफीट के कुल डिस्प्ले एरिया के साथ दक्षिणोन्मुख, सरकारी प्रिंटिंग प्रेस के सामने चर्नीरोड स्टेशन पश्चिम | 1826 | 29-08-25 15:40:00 |
| | निकास द्वार के पैसेज पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर का प्रतिस्थापन करते हुए एवं मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर के विखंडन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | | | |
| 3 | ADVT-BCT-BA-OH-412-25-2 (Advertising-Out of Home) | सीमा दीवार के पश्चिमी तरफ बांद्रा पश्चिम रेलवे में 480 वर्गफीट के डिस्प्ले एरिया के साथ 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौड़ाई के आयाम | 1826 | 29-08-25 15:50:00 |
| | के 05 नये एलसीडी/एलईडी यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए डिस्प्ले के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | | | |
| 4 | ADVT-BCT-STC-OSN-300-25-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | डिस्प्ले बोर्ड्स के जरिये तीन वर्षों की अवधि हेतु सीढ़ियों की लैंडिंग्स और एस्केलेटर्स के पिलर्स पर सांताक्रूज (एसटीसी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 29-08-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-DDR-OSN-339-25-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु दादर (डीडीआर) स्टेशन प्लेटफॉर्म्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 29-08-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-MRU-OSN-358-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड (एमआरयू) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 29-08-25 16:20:00 |

**संपर्क विवरण : लैंडलाइन क्र. : 02267644212, ईमेल आईडी : acmadvtgbct@gmail.com**

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

0485

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## संक्षेप

### नवनीत हत्याकांड में साजिशकर्ता अरेस्ट

**प्रेमिका के पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बेटा अभी फरार**

सुलतानपुर, नवनीत कोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। कुड़वार पुलिस ने हत्या की साजिश में शामिल आरोपी शिव लाल को गिरफ्तार कर लिया है। शिव लाल मुख्य आरोपी रजनीश का पिता है। घटना कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा परसुरामपुर में हुई। नवनीत कोरी जब सुबह खेत में शौच के लिए गया था, तब रजनीश ने उसे गोली मार दी। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ बुलेट पर फरार हो गया। मृतक की प्रेमिका शिवानी ने बताया कि तीन महीने पहले उसने नवनीत के साथ भागकर शादी की थी। तभी से उसका भाई रंजिश रख रहा था। मृतक की बहन ने रजनीश को भागते हुए देखा था। मृतक के भाई आनंद ने रजनीश और उसके पिता शिव लाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। एसओ अमित मिश्रा के अनुसार, आरोपी शिव लाल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी रजनीश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### स्कूल में एक महीने में दूसरी बार चोरी

**भतेड़ा कंपोजिट विद्यालय में गायब हुआ सिलेंडर, पुलिस कर रही मामले की जांच**

सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में स्थित भतेड़ा कंपोजिट विद्यालय में सोमवार रात चोरी हुई। चोरों ने स्टोर रूम का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चुरा लिया। शिक्षण कार्य के लिए पहुंचे स्कूल कर्मियों को चोरी का पता चला। विद्यालय प्रधानाचार्य और ग्राम प्रधान ने डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक महीने पहले भी इसी स्कूल में चोरी हुई थी। तब चोर स्टोर रूम से गैस सिलेंडर और स्टेबलाइजर ले गए थे। इस मामले में शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे चोरों के हौसले बुलंद हुए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने कहा कि विद्यालय में हुई चोरी की शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बंदर की मौत पर अनूठी पहल

**हिंदू रीति-रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार, तेरहवीं में जुटे आसपास के गांव के लोग**

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील स्थित ग्राम पंचायत परसपुर में एक अनोखा आयोजन देखने को मिला। यहां एक बंदर की मौत के बाद पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। परंपरा के अनुसार 13 दिन बाद तेरहवीं का आयोजन भी किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में परसपुर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में बच्चे और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार तिवारी, राम सुरेश तिवारी, महेंद्र कुमार पांडे, शिव शंकर मिश्रा, राम निधि मिश्रा, अनमोल और राधे रमण सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

# 40 करोड़ का कॉरिडोर पहली ही बाढ़ में बहा

**बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर पहली बाढ़ नही झेल सका, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था उद्घाटन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, संगम तट पर बड़े हनुमान मंदिर में बनाए जा रहे 40 करोड़ रुपए के कॉरिडोर प्रोजेक्ट का पहला चरण पहली ही बाढ़ झेल नहीं पाया। गंगा में आई पहली बाढ़ की मार ने मंदिर परिसर की दीवारों और कॉरिडोर के पत्थरों को उधेड़ कर रख दिया है। दीवारों से पत्थर उखड़ गए हैं। यह स्थिति महज कुछ ही महीनों में सामने आ गई, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 11,589 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया था। जिसमें से 535 वर्ग मीटर में बड़े हनुमान मंदिर के गर्भगृह और परिक्रमा पथ का निर्माण होना है। जबकि 2,184 वर्ग मीटर क्षेत्र में कॉरिडोर का विस्तार किया जाना था। पहले फेज का काम महाकुंभ से पहले पूरा कर लिया गया था। 13 दिसम्बर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन बड़े धूमधाम से हुआ था। वहीं अभी दूसरा फेज निमार्णाधीन है कॉरिडोर के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को दी गई थी, पत्थरों का उखड़ना और दीवारों का टूटना यह दशार्ता है कि निर्माण कार्य में या तो मानकों की अनदेखी की गई या फिर घटिया सामग्री का उपयोग हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाढ़ तो हर साल आती है और संगम क्षेत्र में तो यह एक आम बात है, फिर भी अगर कॉरिडोर जैसे स्थायी निर्माण पहली ही बाढ़ में जवाब दे दें, तो यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला है।

महाकुंभ जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन को देखते हुए सरकार ने संगम और उसके आस-पास के क्षेत्रों में अधोसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं को मंजूरी दी थी, जिसमें बड़े हनुमान मंदिर का कॉरिडोर प्रमुख था। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की भीड़ को सुगमता से नियंत्रित करना और दर्शन को सुविधाजनक बनाना था। लेकिन जिस तरह से यह निर्माण कार्य चंद महीनों में ही खराब हो गया, उसने पूरे प्रोजेक्ट की साख पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

# गंगा-यमुना का जलस्तर घटा, राहत

**बाढ़ प्रभावित इलाकों में नगर निगम की सफाई, पूरे क्षेत्र में फॉगिंग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार घट रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। 8 बजे तक दर्ज आंकड़ों के अनुसार, यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 79.98 मीटर रहा, जो पिछले चार घंटों में 12 सेंटीमीटर घटा है। गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 80.88 मीटर (16 सेंटीमीटर कमी), छतनाग में 79.46 मीटर (14 सेंटीमीटर कमी) और बक्सी एसटीपी पर 80.07 मीटर (10 सेंटीमीटर कमी) दर्ज किया गया। यह सभी स्तर खतरे के निशान 84.734 मीटर से काफी नीचे हैं। प्रशासन ने पुष्टि की है कि सभी बांध पूरी तरह सुरक्षित हैं। जलस्तर में कमी के बावजूद, कई निचले इलाकों में अभी भी पानी जमा है, जिससे स्थानीय लोगों की दिक्कतें बनी हुई हैं। पानी उतरने के बाद बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में कीचड़ और गंदगी की मोटी परत जम गई है, जो संक्रामक और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है।

इस खतरे से निपटने के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया है। नगर निगम की टीम प्रभावित इलाकों में सफाई अभियान चला रही है। मोहल्लों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है, नालियों की सफाई और जमा कचरे को हटाने का काम हो रहा है। साथ ही सभी प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग कराई जा रही है, ताकि मच्छरों का प्रकोप कम हो और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं, जहां बुखार, डायरिया और त्वचा संबंधी रोगों के मरीजों की जांच और मुफ्त दवाओं की आपूर्ति की जा रही है। डॉक्टरों की टीमें घर-घर जाकर लोगों को साफ पानी पीने, भोजन को ढककर रखने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दे रही हैं।

# कृपालम एजूकेशनल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय हेतु किया गया भूमि पूजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बछरावां, रायबरेली : कृपालम एजूकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में थुलेन्डी गांव स्थित नटबीर बाबा के समीप युवाओं में नैतिकता, संस्कृति एवं संस्कार के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु नव निर्मित विद्यालय हेतु विधिवत भूमि पूजन का कार्य डॉ. शिवम तिवारी द्वारा यज्ञाचार्य वेद प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में किया गया। इस पुनीत अवसर पर राजेश विक्रांत, डॉ. अर्जुन पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, अजय कुमार मिश्र, संजय मिश्र, कमल मिश्र, प्रो. अभिमन्यु पाण्डेय, युधिष्ठिर पाण्डेय, अलंकार मिश्र, केशव मिश्र, अन्नपूर्णा तिवारी, डॉ. हेमलता त्रिपाठी, रीता पाण्डेय, शालिनी तिवारी एवं सुनीता पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए नवविवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला

**केस दर्ज, दहेज में 10 लाख की मांग, तलाक देने की देता है धमकी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, बंधुआकला में रामपुर निवासी सामीना बानो ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ना और मारपीट का आरोप लगाया है। उनकी शादी 21 नवंबर 2023 को बल्दीराय थाना क्षेत्र के नन्दौली निवासी मुन्नवर सिराज खान से हुई थी। शादी में लाखों रुपए, जेवर और बुलेट बाइक के लिए नकद राशि देने के बावजूद पति, जेठ, देवर और सास ने 10 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। मना करने पर सामीना को मानसिक व शारीरिक यातनाएं दी गईं। महाराष्ट्र के थाणे ले जाकर उसे नौकरानी की तरह रखा गया, खाना और इलाज तक नहीं दिया गया। पति अन्य महिलाओं की अश्लील तस्वीरें दिखाकर तलाक की धमकी भी देता था। 20 अप्रैल को मारपीट कर सामीना को घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने बंधुआकला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह के अनुसार, मंगलवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# इंटरलॉकिंग सड़क बनी मुसीबत

- नाली न होने से घरों के सामने जमा गंदा पानी, महिलाओं ने बाल्टी से पानी निकालकर किया विरोध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी के जगदीशपुर विकासखंड के मदूपुर गांव में नई इंटरलॉकिंग सड़क ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क के साथ नाली न बनने से दर्जनभर घरों के सामने गंदा पानी जमा हो गया है। इससे बदबू फैल रही है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। उर्मिला, दयावती, शिवमती और संतोष कुमारी समेत कई महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वे गंदे पानी में खड़ी होकर बाल्टियों से पानी निकालते हुए नारेबाजी करने लगीं। महिलाओं का कहना था कि सड़क तो बना दी गई, लेकिन पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं किया गया। साहब लाल और मोती लाल प्रजापति समेत कई परिवार महीनों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। घरों का गंदा पानी गड्ढों में जमा होकर सड़ रहा है। इससे बच्चों के बीमार होने के मामले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही नाली निर्माण और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई, तो वे सड़क पर बड़ा आंदोलन करेंगी।

# स्वतंत्रता दिवस के तहत निकली तिरंगा यात्रा

**बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया हिस्सा, देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, रामशाहपुर गांव में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। सुबह से ही गांव के मुख्य चौराहे पर लोग राष्ट्रीय ध्वज लेकर जमा हुए। यात्रा की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में हिस्सा लिया। सभी लोग मुख्य मार्गों से होते हुए गांव के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचे। वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुईं।

लोगों ने अपने घरों और दुकानों को तिरंगे और फूलों से सजाया। यात्रा का मकसद लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना था। कार्यक्रम का समापन गांव के प्राथमिक विद्यालय में हुआ। यहां देशभक्ति गीत गाए गए। सभी के लिए चाय-पानी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में सभी ने एक संदेश दिया कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# दरोगा से मारपीट करने वाला प्रधान फरार, दबिश जारी

**अलीगढ़ में प्रधान ने समर्थकों के साथ मारपीट कर फाड़ी थी वर्दी, दरोगा थाने में ही रहेंगे तैनात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, दादों थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह के साथ मारपीट करने वाला प्रधान फरार है। उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने दरोगा की तहरीर पर आरोपी प्रधान और उसके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। आरोपी प्रधान ने आलमपुर चौराहे पर तैनात दरोगा के साथ जमकर मारपीट की थी और उनकी वर्दी भी फाड़ दी थी। दरोगा ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई थी। उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी। प्रधान की ओर से भी दरोगा पर कई आरोप लगाए गए थे, जिसकी जांच की जा रही है। दादों थाने में तैनात दरोगा राजवीर सिंह 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन बंदोबस्त ड्यूटी पर आलमपुर चौराहे पर तैनात थे। तभी बारिश होने लगी थी और वह नजदीक में एक साड़ी की दुकान पर कुर्सी डालकर बैठ गए थे। इसी दौरान गांव नगरिया सिहानी के प्रधान देवेंद्र यादव अपने 10-12 समर्थकों के साथ वहां आया और मारपीट करने लगा। आरोपियों ने दरोगा के साथ जमकर मारपीट की थी। दरोगा वहां से जान बचाकर भागे थे। आरोपी उन्हें दौड़ाते हुए आलमपुर-हरदोई रोड तक ले गए थे। यहां लाठी-डंडों से मारपीट की थी। फिर आरोपियों ने उन्हें आलमपुर चौराहे पर पीटा था और वर्दी भी फाड़ दी थी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घायल दरोगा को छर्रा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद दरोगा ने जहां प्रधान और उसके समर्थकों के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं प्रधान ने आरोप लगाया था कि दरोगा उनके भांजे की दुकान से कम कीमत पर मोबाइल लेना चाहते थे। वह 15 हजार के मोबाइल के 10 हजार दे रहे थे। मना करने पर उन्होंने रंजिश में उनके भांजे की बाइक के बड़ी रकम के चालान किए थे। इसके बाद दरोगा के लाइन हाजिर के आदेश जारी हो गए थे। इसके बाद ऐसा लग रहा था कि इन आरोपों के चलते दरोगा को लाइन हाजिर किया गया था, लेकिन उन्हें वापस थाने में ही तैनात कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दरोगा को लाइन हाजिर नहीं किया गया है। क्लर्कियल गलती के कारण यह आदेश बन गए थे। सीओ धनंजय सिंह ने बताया कि- घटना के बाद से आरोपी प्रधान फरार है।

# 22 करोड़ की सड़क बदहाल

**2 साल में ही टूटी सड़क; ठेकेदार फरार, सपा करेगी धान रोपाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, नगर पंचायत दोस्तपुर में ब्लॉक चौराहे से कादीपुर रोड की स्थिति खराब हो गई है। पांच साल पहले लोक निर्माण विभाग ने 22 करोड़ रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण शुरू किया था। लेकिन निर्माण अधूरा छोड़कर ठेकेदार फरार हो गया। 15 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर कई जगह गड्ढे बन गए हैं। खराब गुणवत्ता के कारण सड़क दो साल भी नहीं टिक पाई। अभी तक यह सड़क विभाग को औपचारिक रूप से हस्तांतरित नहीं की गई है। छह महीने पहले 500 मीटर सड़क की दोनों तरफ जेसीबी से खुदाई कर दी गई। इसे आज तक नहीं बनाया गया, जिससे जल भराव की समस्या बनी हुई है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन पांडे ने कई बार पत्र लिखकर निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि अगर सड़क को बनाना नहीं था तो खुदाई क्यों की गई और नगर पंचायत द्वारा लगाई गई ईंटें क्यों उखाड़ी गईं। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव एरावती शर्मा ने कहा कि पिछले पांच साल से सड़क का कार्य शुरू और बंद हो रहा है। पैसा खर्च हो रहा है, लेकिन गड्ढे नहीं भरे जा रहे।

# विकास कार्यों की समीक्षा

**मनरेगा वर्क आईडी और पौधारोपण की समीक्षा, बीडीओ ने दिए निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, संग्रामपुर ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह और एपीओ केदारनाथ ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सचिव, रोजगार सेवक और जेई शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा वृक्षारोपण कार्यक्रम और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा था। अधिकारियों ने वृक्षारोपण के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। एपीओ केदारनाथ ने मनरेगा वर्क आईडी जनरेट करने का लक्ष्य निर्धारित किया। सभी सचिवों को इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सचिवों को नए कार्यों के लिए डिमांड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही गांवों में पौंध रोपण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सचिव मिथिलेश कुमार, सुनील कुमार, अजीत सिंह और अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# ई-डिस्ट्रिक्ट का बहिष्कार

- लेखपाल-कानूनगो के निलंबन से राजस्वकर्मी खफा, आईजीआरएस-आरसी 9 का काम भी नहीं करेंगे; बुजुर्ग की मौत से जुड़ा है मामला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, जमीन खाली कराने के दौरान राजस्व कर्मियों के सामने बुजुर्ग के आग लगाने की घटना के मामले में निलंबित लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के समर्थन में अब उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ आ गया है। मथुरा तहसील पर लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर निलंबन और मुकद्दमा वापस लेने की मांग की। ई-डिस्ट्रिक्ट कार्य का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। मथुरा के राल ग्राम पंचायत के खुशीपुरा गांव में जमीन खाली कराने गई राजस्व टीम के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग ने आग लगा ली थी। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में डीएम ने कार्रवाई करते हुए लेखपाल कपिल उपाध्याय व राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह राणा को निलंबित कर दिया था। इस मामले में पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर थाना जैंत में मुकद्दमा दर्ज कर लिया था। इसको लेकर अब राजस्व कर्मी आक्रोशित हैं। निलंबित किए गए लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के समर्थन में मंगलवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ मथुरा शाखा के जिलाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल के नेतृत्व में तहसील परिसर में एक आम सभा बुलाई गई।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935, 9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय - 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक - डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता - आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक - माता प्रसाद शर्मा, फिल्म - संपादक - जगन्नाथ तिवारी